Regarding conservation of Jogeshwari Caves and Andheri Caves in Mumbai North-West Parliamentary Constituency,Maharashtra-Laid

श्री रविंद्र दत्ताराम वायकर **(मुम्बई उत्तर-पश्चिम) :** मेरे संसदीय क्षेत्र मुंबई उत्तर-पश्चिम के जोगेश्वरी में प्राचीन पांडव कालीन जोगेश्वरी गुफा और अंधेरी गुफा लम्बे समय से जीर्णशीर्ण अवस्था में पड़ी है । इन दोनों गुफाओं को देखने के लिए महाराष्ट्र से ही नहीं बल्कि देश-विदेश से लाखो पर्यटक मुंबई आते है । लेकिन पिछले कई सालों से दोनों ही प्राचीन गुफाओं का देखभाल और रखरखाव नहीं किया जा रहा है! धीरे-धीरे ये दोनों गुफा जर्जर और बदहाल होती जा रहीं है । उक्त दोनों गुफाओं के आसपास हजारों की संख्या में झुग्गी-झोपड़ियो की तादाद बढ़ रहीं है । इन सभी लोगों को गुफाओं के आसपास अच्छे और पक्के मकान देकर उनका पुनर्विकास करने की आवश्यकता है साथ हीं इन दोनों गुफाओं के आसपास जयंत चाल, ब्राह्मण पुष्पकर्ण चालों और ऐसी कई बडी चालो का पुनर्विकास का काम भी लंबित पड़ा है जिनका कार्य भी होना अत्यंत आवश्यक है । तभी उक्त दोनों गुफाओं का रखरखाव, संवर्धन अच्छे से हो सकेगा । अतः मै संस्कृति मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि वे उक्त दोनों गुफाओं का रखरखाव और संवर्धन करनें और गुफाओं के आसपास की झुग्गी-झोपडीयों के परिवार को अच्छे और पक्के मकान देकर उनका पुनर्वासन करने हेतु संबधित को निर्देशित करेंगे ।